an>

Ttile: Need to set up a bench of Allahabad High Court at Saharanpur or Meerut in Uttar Pradesh.

श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर) :महोदय, उत्तर प्रदेश भारत का सर्वाधिक जनसंख्या वाला प्रदेश है। लगभग 20 करोड़ की जनसंख्या के लिए न्याय पाने का साधन इलाहाबाद में स्थापित उच्च न्यायालय है। इलाहाबाद की सहारनपुर व पश्चिम उत्तर प्रदेश के जनपदों से दूरी 600-700 किलोमीटर के आसपास है व पश्चिम उत्तर प्रदेश के लोगों को इलाहाबाद पहुँचने में एक से डेढ़ दिन लग जाते हैं। प्रतिवर्ष इलाहाबाद उच्च न्यायालय में लगभग 50 हजार केस दर्ज होते हैं, जिनमें से 52 प्रतिशत केस पश्चिमी उत्तर प्रदेश के होते हैं और वर्ष 2009 तक का लगभग 14 लाख 50 हजार केस लम्बित पड़े हुए हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की भी कमी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से इलाहाबाद उच्च न्यायालय की दूरी व खर्चा देखते हुए कई लोग न्याय पाने से वंचित रह जाते हैं। एक लोकतांत्रिक देश का अहम कर्तव्य लोगों को सस्ता एवं सुलभ न्याय दिलाना है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार अनुरोध करता है कि उच्च न्यायालय की एक अतिरिक्त बेंच की स्थापना पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद सहारनपुर या जनपद मेरठ में की जाए ताकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को न्याय मिल सके। धन्यवाद।